हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 2 मई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 21.2 डिग्री

3
होटल की आकस्मिक जांच में मिली दो लाख से अधिक कालातीत खाद्य सामग्री



## खबर संक्षेप



### समाधान में उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान

**रायगढ़।** आम नागरिकों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत रायगढ़ जिले में बड़ी संख्या में उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 12 मार्च को किया गया था जो 30 जून तक प्रभावशील रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पात्र हितग्राहियों तक इसका लाभ तेजी से पहुंचाया जा रहा है। योजना के अंतर्गत सभी घरेलू बीपीएल उपभोक्ता एवं कृषि श्रेणी के उपभोक्ता, जिनका मार्च 2023 तक बिजली बिल बकाया हैए या जिनका पूर्व में बकाया राशि के कारण स्थायी विच्छेदन हो चुका हैए उन्हें पात्र माना गया है। हालांकि जिन उपभोक्ताओं के न्यायालयीन प्रकरण लंबित हैं, उन्हें इस योजना में शामिल नहीं किया गया है। इस महत्वाकांक्षी योजना में उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए बकाया राशि पर लगने वाले ब्याज को पूरी तरह 100 प्रतिशत माफ किया जा रहा हैए वहीं मूलधन में भी श्रेणी अनुसार अधिकतम 75 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है। इससे वर्षों से लंबित बिजली बिल का बोझ झेल रहे उपभोक्ताओं को राहत मिल रही है।

### 6 जुलाई तक दे सकते हैं नामांकन प्रस्ताव

**रायगढ़।** गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों.पद्म विभूषणए पद्म भूषण एवं पद्मश्री के लिए 6 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। भारत सरकार का उद्देश्य इन पुरस्कारों के माध्यम से समाज के उन गुमनाम और अनछुए नायकों को पहचान दिलाना है, जो सुदूर वनांचल, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में रहकर समाज सेवा, कला, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। जिला स्तर पर प्राप्त प्रस्तावों को कलेक्टर के माध्यम से अनुशंसा सहित शासन को भेजा जाएगा।

### दोपहर में पशुओं के उपयोग पर प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर ने पशुओं के प्रति क्रूरता रोकने के लिए आदेश जारी किया है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आदेश जारी कर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच पशुओं का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। वर्तमान में तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक बना हुआ है। ऐसे में पशुओं का उपयोग सवारी, बोझा ढोने या अन्य कार्यों में करने से उनके बीमार होने या मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए "पशुओं पर क्रूरता निवारण नियम 1965" के नियम 6(3) के अंतर्गत यह प्रतिबंध लागू किया गया है।आदेश का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### फर्जी नंबर से गौवंश तस्करी, वाहन छोड़ भागे तस्कर फरार

**रायगढ़।** पुलिस ने भूपदेवपुर क्षेत्र में मवेशी तस्करी की एक और कोशिश को विफल कर दिया गया। इस तस्करी में संलिप्त तस्कर वाहन छोड़ फरार हो गए। वहीं दो गौ वंशियों का रेस्क्यू किया गया है। जानकारी के अनुसार 28-29 अप्रैल की दरम्यानी रात रात्रि गश्त के दौरान भूपदेवपुर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम कछार क्षेत्र में लाल रंग की स्कार्पियो वाहन में मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर परिवहन किया जा रहा है। ऐसे में पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से घेराबंदी की गई।

## जशपुर बनेगा आधुनिक दाबित सिंचाई प्रणाली का राष्ट्रीय मॉडल जिला

# बगिया क्लस्टर समृद्धि एम-कैड योजना से 13 गांव के 4933 हेक्टेयर में होगी सिंचाईः सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया में समृद्धि कमांड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन आधुनिकीकरण (एम-कैड) योजना के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। शुभारंभ कार्यक्रम में केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी मौजूद रहे।

- मुख्यमंत्री ने बगिया दाबित उद्वहन सिंचाई प्रणाली के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बगिया समृद्धि एम-कैड योजना जशपुर जिले के लिए सिर्फ एक सिंचाई परियोजना नहीं, बल्कि हर बूंद से अधिक उत्पादन की सोच का प्रतीक है। इसके सफल क्रियान्वयन से जशपुर देश के लिए आधुनिक दाबित सिंचाई प्रणाली का मॉडल जिला बनेगा। परियोजना के तहत पारंपरिक नहर प्रणाली के स्थान पर आधुनिक प्रेसराइज्ड पाइप इरिगेशन नेटवर्क विकसित किया जाएगा, जिससे जल उपयोग दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके तहत जमीन के अंदर पाइप बिछेगी, जिससे जमीन अधिग्रहण की भी समस्या नहीं होगी। पहले सिंचाई के लिए बारिश के पानी पर ही निर्भर रहना पड़ता था। अब इस योजना से पानी की कमी दूर होगी। साथ ही किसानों को पर्याप्त पानी भी मिलेगा। यह परियोजना कांसाबेल विकासखंड के बगिया क्लस्टर में मैनी नदी पर बगिया बैराज सह दाबित उद्वहन सिंचाई योजना के माध्यम से लागू की जा रही है। देश में 23 राज्यों में 34 योजना स्वीकृत किए गए है। इसमें प्रदेश का एकमात्र बगिया क्लस्टर शामिल है। जिसके लिए भारत सरकार द्वारा 95.89 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना की कुल लागत लगभग 119 करोड़ रुपए है। इसके अंतर्गत बगिया, उसकुटी, रजोती, सुजीबहार, चोंगरीबहार, बांसबहार, डोकड़ा, सिकरिया, पतराटोली, गहिराडोहर, बीहाबल, नरियरडांड एवं ढुढुडांड सहित 13 ग्रामों के लगभग 4933 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, आईजी दीपक झा, एसएसपी लाल उमेद सिंह, डीएफओ शशि कुमार, एडीएम प्रदीप साहू, समृद्धि के स्टेट नोडल ऑफिसर आलोक अग्रवाल, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।






### पानी का होगा समुचित उपयोग

समृद्धि योजना के स्टेट नोडल ऑफिसर आलोक अग्रवाल ने बताया कि एमकैड कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा अप्रैल 2025 में किया गया था। एमकैड कार्यक्रम के अंतर्गत कांसाबेल विकासखंड के ग्राम बगिया एवं आसपास के क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बगिया दाबित सिंचाई प्रणाली की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह कार्य 6 माह में पूर्ण किया जाएगा। बगिया समृद्धि योजना का संचालन एवं संधारण जल उपभोक्ता समिति के माध्यम से किया जाएगा। परियोजना पूर्ण होने के पश्चात प्रारंभिक 5 वर्षों तक संचालन एवं संधारण कार्य ठेकेदार द्वारा किया जाएगा, इसके बाद यह जिम्मेदारी जल उपभोक्ता समिति को सौंपी जाएगी। समिति में महिलाओं की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल उपयोग दक्षता को बढ़ाना, पानी की हर बूंद का समुचित उपयोग करते हुए कृषि उत्पादन में वृद्धि करना तथा किसानों की आय में स्थायी सुधार लाना है। परियोजना में विद्युत आपूर्ति सौर ऊर्जा के माध्यम से की जाएगी। साथ ही जल के नियंत्रित एवं वैज्ञानिक उपयोग के लिए सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजिशन तथा इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। इस परियोजना के माध्यम से सिंचाई परिसंपत्तियों पाइप नेटवर्क संरचना एवं जल प्रबंधन के संचालन में किसानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। डेटा एवं विश्लेषण के आधार पर यह निर्धारित किया जाएगा कि कहां, कब और कितना पानी देना है। बेहतर सिंचाई व्यवस्था के साथ उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाकर किसानों को जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिमों से निपटने में सक्षम बनाया जा रहा है, जिससे दीर्घकालीन उत्पादकता, लाभप्रदता और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार सुनिश्चित होगा।

### गांवों का होगा सर्वांगीण विकासः तोखन

केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने क्षेत्रवासियों को सिंचाई कार्य शुभारम्भ की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सिंचाई योजना से गांवों का सर्वांगीण विकास होगा। खेतों में जल की समुचित आपूर्ति होगी। जिससे किसान अधिक समृद्ध और खुशहाल होंगे। कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि बगिया क्लस्टर सिंचाई योजना आने वाले समय में किसानों के लिए वरदान साबित होंगे। ग्रामीण अर्थव्यवस्था और अधिक विकसित होंगी।

## मुख्यमंत्री ने स्व. अंधारे को दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ग्राम बंदरचुंआ, विकासखंड कुनकुरी पहुंचकर स्वर्गीय श्री विवेक अंधारे के आकस्मिक निधन पर आयोजित ब्रह्मभोज कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्गीय श्री विवेक अंधारे के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार से भेंट कर उनका ढांढस बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सांसद श्री राधेश्याम राठिया, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय सहित बड़ी संख्या में पहुंचे जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिकों ने भी स्वर्गीय विवेक अंधारे को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय विवेक अंधारे मुख्यमंत्री के निज सहायक दीपक अंधारे के चचेरे भाई तथा विनायक अंधारे के सुपुत्र थे।



## तोखन व रामविचार समेत बगिया पहुंचे सीएम साय

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ग्राम बगिया विकासखंड कांसाबेल पहुंचे। उनके साथ केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू तथा कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी आए हैं। हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियोंए अधिकारियों एवं ग्रामीणों के द्वारा मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों का आत्मीय स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, आईजी दीपक कुमार झा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल रहे।



## दूध और दुग्ध उत्पादों की दुकानों का अफसरों ने किया सघन निरीक्षण

**जशपुरनगर।** सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशन एवं जिला दंडाधिकारी के नेतृत्व में चल रहे 15 दिवसीय सही दवा.शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के तृतीय दिवस खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिला मुख्यालय जशपुर नगर में कार्रवाई की गई।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जशपुर नगर क्षेत्र में दूध और दुग्ध उत्पादों के विक्रय केंद्र, डेयरी आदि का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डेयरी में दूध की उपलब्धता, दूध से बनने वाले उत्पाद जैसे दही, पनीर, घी, लस्सी आदि के विनिर्माण की प्रक्रियाओं और रखरखाव के विषय में संबंधित खाद्य कारोबारियों को मौके पर आवश्यक जानकारी व दिशा.निर्देश दिए गए। शंका के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दही, गाय का दूध और पनीर के कुल 3 नमूने संकलित कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए। रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षित प्रतिष्ठानों में विगत दिवस 29 अप्रैल को श्रीकृष्णा डेयरी, रांची रोड, नीलेश डेयरी, नीलेश स्वीट्स, नीलेश केक एंड डेली निड्स बस स्टैंड, अरुण डेयरी, बिरसा मुंडा चौक और पुनीत डेयरी, कलेक्टर ऑफिस रोड शामिल हैं। जिले में यह अभियान 27 अप्रैल से 11 मई तक जारी रहेगा। अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं को शुद्ध खाद्य पदार्थ एवं गुणवत्तायुक्त औषधि उपलब्ध कराना तथा खाद्य औषधि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराना है।




## यशस्वी जशपुर के सहायक नोडल शर्मा हुए सेवानिवृत्त

**जशपुरनगर।** संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में संजीव शर्मा के सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक भावपूर्ण वातावरण में विदाई समारोह आयोजित हुआ। श्री शर्मा ने 9 दिसंबर 1991 से 30 अप्रैल 2026 तक अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए शिक्षा क्षेत्र में जिले को महत्वपूर्ण योगदान दिया।

सेवानिवृत्ति के दिन श्री शर्मा अपने परिवार के साथ समारोह में उपस्थित हुए। उनके बेटे चिराग, बेटी तनिष्का एवं दामाद रोहित मिश्रा एवं नातिन जीविका मिश्रा विशेष रूप से इंदौर से इस अवसर पर शामिल होने पहुंचे। विदाई समारोह में सभी की आंखें नम थीं। समारोह के दौरान बेटा चिराग और बेटी तनिष्का अपने पिता के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त करते हुए अत्यंत भावुक हो गए, जिससे वातावरण और अधिक संवेदनशील हो गया। संजीव शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने शासकीय सेवा को पूरी ईमानदारी से निभाया है इसलिए वे आज पूरे संतोष से सेवानिवृत हो रहे हैं। उन्होंने सभी सहकर्मियों के साथ कार्य करने के अपने अनुभव भी बताएं और सभी का आभार भी व्यक्त किया।



## सर्वसुविधाओं से लैस रायगढ़ के सरकारी स्कूल फिसड्डी, टॉपर में एक भी नहीं नाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में दर्जन भर से अधिक सरकारी स्कूल संचालित हैं, लेकिन सारे स्कूल इस बार फिसड्डी साबित हो गए हैं। इन स्कूलों में पढ़ने वाले एक भी बच्चे का नाम टॉपटेन की सूची में शामिल नहीं होने से अब इसे लेकर शहर में ही चर्चा शुरु हो गई है।

शहर में होने की वजह से यहां सबसे ज्यादा अधिकारियों की आवाजाही होती है, सबसे ज्यादा मॉनिटरिंग होती है, लेकिन परिणाम पर गौर किया जाए तो इन सबके बावजूद कुछ खास नहीं है। तमाम तरह की सुविधाएं शहर में संचालित सरकारी स्कूलों को मिलती है, लेकिन शिक्षा गुणवत्ता को लेकर यहां के शिक्षक और बड़े अधिकारी गंभीर ही नहीं है। हालात यह है कि इस बार बोर्ड द्वारा जारी टॉपर की सूची में एक भी बच्चे का नाम शुमार नहीं है। खास बात यह है कि प्रदेश स्तरीय टॉपर की लिस्ट में इस जिले का ही दबदबा है। कक्षा 12 वीं के टॉपर सूची में इस जिले के 6 बच्चों ने अपना नाम शुमार किया है जो अन्य जिलों से काफी अधिक है। अन्य जिले के एक, दो या तीन बच्चों का नाम है, लेकिन रायगढ़ के 6 छात्र-छात्राओं का नाम शामिल है। इसमें तो सरकारी स्कूल के ही चार बच्चे शामिल हैं। दो टॉपर प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई करते हैं, उनमें एक का रेंक 8 वां है दूसरा 10 वां रेंक में शामिल है। जबकि सरकारी स्कूल के चार बच्चों में एक तीसरा, एक छठवां और दो ने 9 वें रेंक हासिल किया है। ये बच्चे जिन सरकारी स्कूलों से पढ़ाई करके इस मुकाम को हासिल किया है वहां सुविधाओं के नाम पर कमरों के अलावा बाकी कुछ नहीं है। याने अभावों के बावजूद शहर के चकाचौंध के बीच पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को पछाड़ दिया है। यह उन बच्चों की काबिलियत और वहां के शिक्षकों की मेहनत का ही प्रतिफल है। इसी तरह कक्षा 10 वीं में भी टॉपटेन की सूची में दो बच्चों ने अपनी जगह बनाई है। वह दोनों बच्चे भी अभावग्रस्त स्कूलों में ही पढ़ाई करके इस मुकाम को हासिल किया है।

## प्राचार्य खलखो एवं कश्यप को दी गई विदाई



**जशपुरनगर।** संकुल समन्वयक मोहम्मद शाहिद खान जुबराज यादव एवं गणेश यादव के मार्गदर्शन में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बतनीडाड के प्रांगण में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला की सेवानिवृत्त प्राचार्य विनय प्रभा खलखो एवं शासकीय प्राथमिक शाला चिटकवाइन के सेवानिवृत प्रधान पाठक ललित कुमार कश्यप का भावभीनी विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षक शोभावती साव एवं कृपा एक्का द्वारा सेवानिवृत प्राचार्य की जीवनी, उच्च व्यक्तित्व तथा अद्भुतकार्यशैली का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, वही मीना खेस्स और पूनम नाग ने सेवा निवृत प्रधान पाठक ललित कुमार कश्यप की जीवनी एवं दायित्व के प्रति समर्पण भाव का प्रतिवेदन प्रस्तुत की। मंच संचालन शिक्षक राशिद अनवर खान के द्वारा किया गया।

## दो शिक्षकों को मिला पीपीओ विदाई पर नम हुईं आंखें



**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा विकासखंड शिक्षा विभाग के सभागार में गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए दो वरिष्ठ शिक्षकों को भावभीनी विदाई दी गई। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कालिया के प्रधान पाठक अमृत राम खलखो तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिहारडांड़ के शिक्षक (एलबी) नारायण यादव को उनके लंबे सेवाकाल के बाद सम्मानपूर्वक पीपीओ प्रदान किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पटेल ने कहा कि शिक्षक समाज की मजबूत नींव होते हैं और उनका योगदान सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहता है। उन्होंने दोनों शिक्षकों के उज्ज्वल और सुखद सेवानिवृत्ति जीवन की कामना की। इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिलीप टोप्पो, लेखाकार शैलेश अम्बस्ट, प्रधान लिपिक अमृत किस्पोट्टा, तिलक श्रीवास, मनोज बाखला, एमआईएस समन्वयक ममता शर्मा सहित विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## फिल्म 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ जॉम्बीज' का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'प्रलय' को लेकर बॉलीवुड में काफी चर्चा है जो एक जॉम्बी-थ्रिलर होगी। उससे पहले, डिजिटल कंटेंट प्लेटफॉर्म कुकू ने अपनी पहली फीचर फिल्म 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ जॉम्बीज' का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है। इसका निर्देशन गगनजीत सिंह और आलोक द्विवेदी ने किया है और निर्माता कुंज संघवी हैं। इसकी पटकथा हुसैन दलाल और अब्बास दलाल ने लिखी है, जिन्हें शाहिद कपूर की 'फर्जी' और फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' के लिए जाना जाता है। कॉलेज के तनावपूर्ण पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म एक अनोखी कहानी प्रस्तुत करती है, जहां छात्रों की प्रतिस्पर्धा अचानक से भयावह मोड़ में बदल जाती है।

लाइफ Style

# सारा

## आलिया-दीपिका मेरी रोल मॉडल नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मैं कभी किसी और के जैसा नहीं बनना चाहती। हाल ही में सारा ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट भी शेयर किया था। इसमें उन्होंने 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' की पूरी टीम, कास्ट और पर्दे के पीछे दिन-रात मेहनत करने वाले क्रू मेंबर्स का दिल से शुक्रिया अदा किया।

धुरंधर और धुरंधर 2 में अपनी शानदार एक्टिंग से सबका दिल जीतने वाली सारा अर्जुन इन दिनों सुर्खियों में हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर उनका एक 9 साल पुराना वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में नन्ही सारा से उनके रोल मॉडल के बारे में पूछा गया था जिस पर उन्होंने बड़ी ही मासूमियत और समझदारी से जवाब दिया। वायरल वीडियो में जब सारा से पूछा गया कि वह किसे अपना रोल मॉडल मानती हैं, तो उन्होंने बहुत प्यारा जवाब दिया। सारा ने कहा, "मुझे आलिया भट्ट का लुक और उनकी एक्टिंग बहुत पसंद है। मुझे आलिया और दीपिका पादुकोण दोनों ही बहुत अच्छी लगती हैं। लेकिन वे मेरी रोल मॉडल नहीं हैं, बल्कि मेरी प्रेरणा हैं। सच कहूं तो मैं बस 'सारा अर्जुन' ही बनना चाहती हूं। मैं कभी किसी और के जैसा नहीं बनना चाहती। हाल ही में सारा ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट भी शेयर किया था। इसमें उन्होंने 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' की पूरी टीम, कास्ट और पर्दे के पीछे दिन-रात मेहनत करने वाले क्रू मेंबर्स का दिल से शुक्रिया अदा किया। सारा ने अपनी सफलता का श्रेय उन सभी लोगों को दिया जिन्होंने इन फिल्मों को खास बनाने में उनका साथ दिया।



हॉलीवुड मसाला



## टेलर ने एआई पर कसा शिकंजा

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट ने अर्टिफिशिअल इंटेलिजेंस के गलत इस्तेमाल से खुद को बचाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। उनकी कंपनी टीएएस राइट्स मैनेजमेंट ने उनकी आवाज और उनकी इमेज के लिए ट्रेडमार्क का आवेदन किया है। 24 अप्रैल, 2026 को दायर किए गए इन आवेदनों में उनके स्टेज परफॉर्मेंस का अंदाज और कुछ खास ऑडियो भी शामिल हैं। स्विफ्ट का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब एआई डीपफेक्स और नकली सेलिब्रिटी कॉन्टेंट ऑनलाइन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। वह अकेली नहीं हैं जिन्होंने ऐसा किया हो।



## 'ओपेनहाइमर' की तुलना में कितना होगा 'द ओडिसी' का रनटाइम?

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विजेता फिल्म 'ओपेनहाइमर' के निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन इन दिनों फिल्म 'द ओडिसी' की तैयारियों में व्यस्त हैं। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है और हर अपडेट पर नजरें टिकाए हुए हैं। लोग यह जानना चाह रहे हैं कि इस फिल्म की अवधि कितनी होगी? खुद क्रिस्टोफर नोलन ने इसका जवाब दे दिया है। फिल्म 'द ओडिसी' का रनटाइम 'ओपेनहाइमर' से कम होगा। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन ने इस बात की पुष्टि की है कि उनकी आने वाली फिल्म 'द ओडिसी' का रनटाइम उनकी ऑस्कर-विजेता फिल्म 'ओपेनहाइमर' से कम होगा। एक इंटरव्यू में नोलन ने कहा, 'यह एक एपिक फिल्म है, जैसा कि इसका विषय मांगता है। लेकिन यह छोटी है'। 'ओपेनहाइमर', जो जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर और दूसरे विश्व युद्ध के दौरान परमाणु बम बनाने की कहानी पर आधारित एक बायोग्राफिकल ड्रामा है। यह फिल्म 180 मिनट लंबी थी।



## 30 साल बाद तब्बू के साथ बनेगी जोड़ी...

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता नागार्जुन ने अपनी 100वीं तेलुगू फिल्म 'किंग 100' की शूटिंग शुरू कर दी है। यह फिल्म का अस्थायी नाम है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि पूरे 30 साल बाद अभिनेत्री तब्बू भी इस फिल्म में उनके साथ नजर आएंगी। तब्बू ने इंस्टाग्राम पर एक पर्दे के पीछे की फोटो साझा करके यह खबर दी। उन्होंने लिखा, 'और हम #किंग100 #नागार्जुन अन्नपूर्णा स्टूडियोज के साथ शुरुआत कर रहे हैं।' बता दें, यह जोड़ी 1996 में आई उनकी सुपरहिट फिल्म 'निन्ने पेल्लाडता' के बाद अब पहली बार पर्दे पर साथ दिखेगी। नागार्जुन ने बताया तब्बू ने 'किंग 100' के लिए तुरंत हामी क्यों भरी नागार्जुन और तब्बू के बीच बहुत पुरानी दोस्ती है। नागार्जुन ने हाल ही में बताया कि तब्बू जब इंडस्ट्री में नई थीं, तब से ही उनकी दोस्ती हैं।



## पंकज का छोटा रोल देख भड़क उठे नाना

**मुंबई।** पंकज त्रिपाठी हिंदी सिनेमा का जाना पहचाना नाम हैं। उन्होंने अपने शुरुआती करियर में बहुत संघर्ष किया है। अभिनेता ने शुरुआती समय में कई फिल्मों में छोटे-छोटे रोल भी किए। एक बार की बात है जब एक्टर नाना पाटेकर ने उन्हें एक्टिंग करते देखा, तो पंकज त्रिपाठी पर भड़क गए। साथ ही अभिनेता को एक सलाह दे डाली। इस बात का खुलासा खुद पाटेकर ने एक इंटरव्यू में किया था। पाटेकर ने एक इंटरव्यू में एक बार बताया, 'मैं 'काला' नाम की फिल्म कर रहा था रजनीकांत सर के साथ। उसी फिल्म में पंकज एक पुलिस अफिसर का रोल कर रहे थे। जब मैंने देखा, तो मैंने कहा पंकज तू यहां क्या कर रहा है? तो उन्होंने कहा कि एक छोटा सा रोल है। फिर मैंने कहा ये ऐसा रोल क्यों करते हैं आप? तो पंकज कहते हैं नहीं अन्ना थे आप थे तो काम करने का मन किया।

टीवी मसाला



## 'खतरों के खिलाड़ी 15' में हिना, निया जैस्मिन और भारती आएंगी नजर

**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी का स्टंट पर आधारित रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' इस साल आने को तैयार है। चूंकि यह शो 2 साल बाद टीवी पर लौट रहा है, इसलिए निर्माता इसे खास बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। प्रतियोगियों से जुड़ी आधिकारिक जानकारी तो सामने नहीं आई है, लेकिन चर्चा है कि इस बार कुछ पूर्व प्रतियोगियों पर दोबारा से दांव लगाया जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि उन पुराने चेहरों ने खुद इस बात का संकेत दिया है।

***इन सितारों ने साझा किया पोस्ट*** : टीवी के कुछ चहेते सितारों ने अपनी-अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर उंगलियों से 'के' अक्षर बनाकर तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने 'खतरों के खिलाड़ी 15' में शामिल होने का आधिकारिक ऐलान तो नहीं किया, लेकिन उनकी तस्वीरों से संकेत जरूर मिल रहा है कि वह शो में दोबारा आ सकते हैं। इनमें हिना खान, अली गोनी, रुबीना दिलैक, निया शर्मा, करण वाही, जैस्मिन भसीन और भारती सिंह शामिल हैं। यह सभी 'खतरों के खिलाड़ी' के पुराने सीजन का हिस्सा रहे हैं।

***नए चेहरों में इन सितारों की चर्चा*** : नए चेहरे के तौर पर 'बिग बॉस 19' का हिस्सा रहीं फरहाना भट्ट और अभिनेत्री शगुन शर्मा का नाम सामने आया है। खबरों के अनुसार, ईशा मालवीय, हर्ष गुजराल, अंकित गुप्ता, ऋषभ जायसवाल और गौरव खन्ना भी नजर आ सकते हैं। फिलहाल शो के प्रीमियर की तारीख अभी सामने नहीं आई है, लेकिन माना जा रहा है कि इसे जून के आखिर में, या फिर जुलाई की शुरुआत में कलर्स टीवी और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित किया जा सकता है।

## कपिल शर्मा के शो में आएंगे समय और रणवीर

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा ने 29 अप्रैल को ऐलान किया था कि वह 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का एक खास एपिसोड दर्शकों के लिए ला रहे हैं।



शो का प्रसारण तो नेटफ्लिक्स पर किया जाएगा, लेकिन मेहमान कौन होंगे? यह जानने के लिए दर्शक बेताब थे। आखिरकार कॉमेडियन ने एक प्रोमो जारी करते हुए बता दिया है कि शो में चर्चित यूट्यूबरों समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया की एंट्री होगी। कपिल के इस खास एपिसोड का प्रसारण विश्व हास्य दिवस पर यानी 2 मई को नेटफ्लिक्स पर होगा। प्रोमो में रैना बताते हैं कि वह शो में बतौर मेहमान शामिल होंगे, लेकिन उन्हें नहीं पता कि दूसरा मेहमान कौन होगा। तभी रणवीर आते हैं, जिन्हें देखकर रैना झुंझलाने लगते हैं। कुल मिलाकर एपिसोड काफी धमाकेदार होगा। बता दें, पिछले साल अपने शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर हुए एक विवाद के चलते रैना और रणवीर काफी चर्चा में रहे थे।

## 'राजा शिवाजी' में 'छत्रपति' बने रितेश इन फिल्मों ने बनाया तारीफ के काबिल

**मुंबई।** रितेश देशमुख ने कई साल पहले मराठा साम्राज्य के वीर योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जिंदगी पर फिल्म बनाने का सपना देखा था। 1 मई को उनका यह सपना साकार होने वाला है, क्योंकि उनकी ऐतिहासिक फिल्म 'राजा शिवाजी' रिलीज हो रही है। हर बार अपने अभिनय से दर्शकों को चौंकाने वाले रितेश ने हर शैली में खुद को शानदार तरीके से स्थापित किया है। यहां देखिए उनकी वो फिल्में, जिन्होंने उन्हें जनका की तारीफ का हकदार बनाया है।

***'एक विलेन'*** : मोहित सूरी द्वारा निर्देशित फिल्म 'एक विलेन' 2014 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और श्रद्धा कपूर मुख्य किरदार में हैं, जबकि रितेश ने एक क्रूर सीरियल किलर का किरदार निभाया है। हमेशा फिल्मों में अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हंसाने वाले रितेश ने अपने इस किरदार से लोगों को चौंका दिया था। पहली बार उन्हें विलेन बने देखना दिलचस्प था। अपनी गंभीर थीम और सदाबहार गानों के कारण फिल्म भी जबरदस्त हिट साबित हुई थी।



**'बाघी 3' और 'वेद' ऊ** : टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बाघी 3' में, रितेश को एक पुलिस वाले किरदार में देखा गया था। एक भोले-भाले समर्पित पुलिसकर्मी और बड़े भाई के भावनात्मक गहरे भावों को उन्होंने पर्दे पर बखूबी निभाया। यह उनकी यादगार भूमिकाओं में से एक फिल्म है। 2022 में उन्हें खुद के द्वारा अभिनीत और निर्देशित फिल्म 'वेद' में देखा गया। इस रोमांटिक-थ्रिलर फिल्म में उन्होंने दमदार किरदार निभाकर दर्शकों से खूब प्रशंसा हासिल की थी। फिल्म में जेनेलिया डिसूजा भी नजर आई थीं।

***'हाउसफुल फ्रैंचाइजी', 'धमाल फ्रैंचाइजी' और 'रेड 2'*** : अक्षय कुमार की कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'हाउसफुल' की 5 किस्तें आ चुकी हैं और रितेश शुरुआत से इसका हिस्सा रहे हैं। फिल्म में उन्होंने मजेदार कॉमिक किरदार निभाया है। वहीं 'धमाल फ्रैंचाइजी' भी रितेश की यादगार फिल्मों में से एक है। देशबंधु रॉय के किरदार में उन्होंने शुरू से लेकर आखिर तक दर्शकों को हंसाया है। इसके अलावा, अजय देवगन की 'रेड 2' (2025) में भ्रष्ट राजनेता बनकर उन्होंने हर किसी को चौंका दिया। उनके किरदार को काफी सराहना मिली थी।

## हाथ में हो चाय की गिलास हो, शूटिंग करता रहूं और गिर जाऊं, फिर...

**मुंबई।** फिल्म 'शोले' में गब्बर सिंह के किरदार ने अमजद खान को बहुत ज़्यादा शोहरत दिलाई और उनके करियर को एक बिल्कुल ही अलग मुकाम पर पहुंचा दिया था। अभिनेता अब इस दुनिया में तो नहीं हैं, लेकिन एक बार उन्होंने अपनी अंतिम इच्छा जाहिर की थी। सिनेमाई दुनिया में ऐसे बहुत कम कलाकार होते हैं, जो किसी भी किरदार को अपनी जिंदगी का हिस्सा बना लेते हैं। कुछ ऐसे ही थे अभिनेता अमजद खान। आज भी लोग उनके नाम से नहीं, बल्कि 'शोले' में 'गब्बर सिंह' के किरदार से जानते हैं। अमजद खान ने उस भूमिका ने दर्शकों के मन में ऐसी छाप छोड़ी थी कि लोगों को उन्हें किसी और भूमिका में देखना मुश्किल हो गया था। वे जहां भी जाते थे, लोग उन्हें 'गब्बर सिंह' कहकर ही पुकारते थे। 1992 में अमजद खान ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया था लेकिन क्या आपको पता है कि एक्टर की मरने से पहले अंतिम इच्छा क्या थी, जिसका जिक्र उन्होंने एक इंटरव्यू में किया था।

***क्या थी अंतिम इच्छा*** : एक इंटरव्यू के दौरान अमजद खान से पत्रकार ने पूछा कि जीवन के अंतिम समय में वह अपने आपको किस हालत में देखना चाहते हैं। और किस तरह से मरना पसंद करेंगे। इस पर अभिनेता ने जवाब



दिया कि वह चाहते हैं कि उनके हाथ में चाय की गिलास हो दूसरे हाथ में पेंशन की सिगरेट हो। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मेरे बच्चे मेरे चारों तरफ हो और मैं शूटिंग करता रहूं और गिर जाऊं. फिर कभी ना उठूं।

***एक नजर अमजद खान के करियर पर*** : अमजद खान के कुछ सबसे यादगार किरदार, जिन्होंने एक अभिनेता के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को साबित किया। इस लिस्ट में 'शतरंज के खिलाड़ी', 'कुरबानी', 'याराना', 'लव स्टोरी' और 'उत्सव' जैसे फिल्में शामिल हैं। एक बेहतरीन अभिनेता होने के अलावा, अमजद खान एक नेकदिल इंसान भी थे। उन्होंने फिल्म जगत में कभी किसी के बारे में बुरा नहीं कहा और हमेशा लोगों की मदद करने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास किया।


### 12 जनवरी 1982 को दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली

# महज 19 की उम्र में मां बन गई थी शक्ति कपूर की पत्नी

*मुंबई। बॉलीवुड की दुनिया में शक्ति कपूर का नाम खतरनाक विलेन्स में लिया जाता है। अभिनेता को 80 की दशक की मशहूर अभिनेत्री शिवांगी कोल्हापुरे से प्यार हो गया और दोनों ने शादी का मन बनाया लेकिन एक्ट्रेस का परिवार इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं था। इसलिए शक्ति कपूर अपनी प्रेमिका को उनके घर से भगा ले गए और शादी कर ली। इसके बाद महज 19 की उम्र में अभिनेता एक बेटे के पिता बन गए थे। चलिए जानते हैं दोनों की लव स्टोरी।*

### कब हुई थी दोनों की मुलाकात?

दोनों की पहली मुलाकात साल 1980 में आई फ़िल्म 'किस्मत' के सेट पर हुई थी, जिसका निर्देशन भीष्म कोहली ने किया था। इत्तेफ़ाक से, इस फ़िल्म में मिथुन चक्रवर्ती मुख्य भूमिका में थे और शक्ति कपूर एक क्लासिक विलेन का किरदार निभा रहे थे। लेकिन, जैसा कि किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। फिल्म में पहले पद्मिनी कोल्हापुरे को कास्ट किया जाना था, लेकिन उनकी डेट्स उपलब्ध न होने के कारण उनकी जगह उनकी छोटी बहन शिवांगी कोल्हापुरे को ले लिया गया। इस फ़िल्म ने इन दोनों को करीब लाने में अहम भूमिका निभाई। शिवांगी कोल्हापुरे को पहली नजर में ही प्यार हो गया था।



### घर से भागकर की शादी

शक्ति कपूर और शिवांगी कोल्हापुरे को एक-दूसरे से प्यार हो गया और दोनों ने शादी का मन बनाया लेकिन बताया जाता है कि शिवांगी कोल्हापुरे का परिवार इसके खिलाफ था। फिर दोनों ने घर से भागकर शादी करने का फैसला किया लेकिन ऐसा करना सोचने से कहीं ज़्यादा मुश्किल था, क्योंकि उनके परिवार को पहले ही इसकी भनक लग चुकी थी और उन्होंने शिवांगी को घर के अंदर ही बंद कर दिया था। इसके बावजूद, वह किसी तरह अपने घर से भाग निकलने में कामयाब रहीं। फिर 12 जनवरी 1982 को दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली। उस समय अभिनेत्री मुश्किल से अठारह साल की थीं। इसके बाद शिवांगी कोल्हापुरे के परिवार वाले इतने चिढ़ गए थे कि उन्होंने सारा रिश्ता खत्म कर लिया।

### 19 साल की उम्र में बनी मां

अभिनेता शक्ति कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया, 'जब वह (शिवांगी कोल्हापुरे) 19 साल की थीं, तब मेरे बेटे सिद्धांत का जन्म हुआ। हमारी शादी के बाद यह पहली बार था जब शिवांगी की मां ने उनसे बात की थी, जब वह ब्रीच कैंडी अस्पताल में उनसे मिलने आई थीं।' साल 1987 में श्रद्धा कपूर का जन्म हुआ, जो आज एक मशहूर अभिनेत्री हैं।

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्त होने पर शिक्षक शशिधर पांडेय को दी गई विदाई

**रजपुरीकला।** लखनपुर गर्ल्स स्कूल में पदस्थ शिक्षक शशिधर पांडेय के सेवानिवृत्त होने पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षक शशिधर पांडेय के 42 वर्षों की इस लंबी सेवा देने के पश्चात सेवानिवृत्ति होने के अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रंजना श्रीवास्तव एवं समस्त स्टाफ द्वारा उपहार देकर भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी ने उनके योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने विदाई संदेश में श्री पांडेय ने कहा कि वे जीवन के इस नए अध्याय को उत्साह और सकारात्मकता के साथ जीना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अब वे अपने शेष जीवन में घूमने-फिरने, परिवार के साथ समय बिताने और समाज सेवा में योगदान देने का प्रयास करेंगे।

### प्राचार्य और शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर दी भावभीनी विदाई



**लखनपुर।** ग्राम देवीटिकरा संकुल अंतर्गत हाई स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों के सेवानिवृत्ति होने पर विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी देव कुमार गुप्ता शामिल हुए। संभागीय संयुक्त संचालक संजय गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी देव कुमार गुप्ता द्वारा सेवा निवृत्त प्राचार्य जेपी चौबे, शिक्षक अजय गुप्ता, शिक्षक केके मिश्रा को शाल श्रीफल भेंट कर भावभीनी सह सम्मान विदाई दी गई। सेवानिवृत्त प्राचार्य और शिक्षकों के सुखद स्वस्थ जीवन की कामना की गई। देवी टिकरा संकुल समन्वयक राजेश उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह श्रीमती रेनु चौबे, जसवीर सिंह, सोमनाथ पांडे, रोहित, नारायण सिंह एवं संकुल के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### संकुल सिलौटा-सेमराकला में दो शिक्षाविदों को दी गई विदाई



**प्रतापपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटा के प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संकुल सिलौटा-सेमराकला के दो शिक्षक, प्राचार्य मुक्तेश ओझा एवं प्रधान पाठक झगरू राम के सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। दोनों शिक्षकों ने 30 अप्रैल को अपनी शासकीय सेवा पूर्ण कर ली है। विदाई समारोह में मुक्तेश ओझा और झगरू राम को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुक्तेश ओझा और झगरू राम ने अपने लंबे शैक्षणिक सफर के अनुभव को साझा किया। इस दौरान संकुल सेमरा, संकुल सिलौटा के सभी शिक्षक, विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कटोरा रेलवे स्टेशन प्रबंधक पीएल बारीक हुए सेवानिवृत्त, सहकर्मियों ने दी भावभीनी विदाई



**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर अनूपपुर रेल सेक्शन के कटोरा स्टेशन प्रबंधक पद्मलोचन बारीक आज 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्त हो गए। मूलतः उड़ीसा के बालेश्वर जिला निवासी पीएल बारीक के सम्मान में साथी कर्मियों ने देर शाम कटोरा स्टेशन प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।इस दौरान सेक्शन के विभिन्न स्टेशनों के प्रबंधक स्टेशन मास्टर सहित रेल कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बताया गया कि पीएल बारीक ने सन 1990 में रेल सेवा की शुरुआत करंजी स्टेशन मास्टर के रूप में की,इसके बाद बिश्रामपुर अमलई,कटोरा,बिजुरी, हरद, कमलपुर ग्राम में बतौर स्टेशन प्रबंधक दायित्वों का सफल निर्वहन किया।वर्तमान में वे सन से कटोरा स्टेशन प्रबंधक के रूप में सेवा देते हुए आज 30 अप्रैल को सेवानिवृत हो गए हैं । आयोजित विदाई समारोह में सहकर्मियों ने उन्हें ईमानदार और कर्तव्य निष्ट रेल अधिकारी बता उनके सेवाकाल की सराहना की है।

### मारपीट कर बुलेट सवार से लूट अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** ग्राम दतिमा आमापारा निवासी पप्पु राजवाडे आ. स्व. मानिकचंद राजवाडे सोमवार को साथी टेम साय राजवाडे के साथ बुलेट क्रमांक सीजी 29 एएच 1811 की लाई बनाने सहित अन्य काम से शहर आए थे। शाम को वापस बुलेट से घर जाने लगे और जैसे ही बनारस रोड एक होटल के समीप पहुंचे तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार तीन युवकों ने रास्ता रोक लिया और विवाद करने के साथ मारपीट कर दोनों को बुलेट में बैठाकर कमोदा बिहार के समीप सुनसान जगह में ले गए। साथ ही थाने ले जान की धमकी देते हुए रूपए की मांग मांग करने लगे। इसी बीच युवक ने नकदी नहीं होने की बात कही तो युवकों ने एक युवक को च्वाइस सेंटर लेकर चले जहां नकदी 4 हजार 40 हजार रूपए फोन पे में डलवाने के बाद 4 हजार रूपए लेकर वापस लौटे और दोनों को डरा धमका कर युवकों के पास रखे सामान को लूट कर फरार गए।

## संयुक्त टीम ने दुकान को किया सील

# होटल की आकस्मिक जांच में मिली दो लाख से अधिक कालातीत खाद्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**

- लगाया 50 हजार का जुर्माना
- प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में 24 घंटे संचालित हो रही थी दुकान

प्रशासन द्वारा गठित संयुक्त टीम ने गुरूवार को शहर के विभिन्न होटल एवं मिष्ठान दुकानों की औचक जांच की। टीम की जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। इस दौरान टीम ने प्रतीक्षा बस स्टैण्ड के एक स्वीट्स दुकान से 2 लाख रूपए से अधिक का कालातीत खाद्य सामग्री जब्त करने के साथ ही उसे सील कर दिया। गुणवत्ताहीन एवं शाकाहारी व मांसाहारी भोजन एक साथ बनाने एवं परोसने के मामले में टीम ने एक होटल का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की है साथ ही सभी प्रतिष्ठानों को दण्डराशि अधिरोपित की है।

शहर सहित जिलेभर के होटल-ढाबों एवं मिष्ठान दुकानों में शासन द्वारा निर्धारित मानकों की अवहेलना करने के साथ ही गुणवत्ताहीन एवं मिलावटी सामग्री का विक्रय करने, स्वच्छता निर्देशों की अवहेलना करने की शिकायत पर कलेक्टर अजीत बसंत ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, राजस्व, ननि एवं पुलिस विभाग की संयुक्त जांच दल गठित कर होटल-ढाबों की जांच कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासनिक टीम ने गुरूवार को प्रतीक्षा बस स्टैण्ड स्थित शिवम मिष्ठान एवं डेली नीड्स दुकान में छापामार कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि दुकान संचालक द्वारा गुणवत्ताहीन सामग्री विक्रय करने संबंधी शिकायतें लगातार मिल रही थी। इस दौरान दुकान में बड़े पैमाने पर कालातीत खाद्य सामग्रियों के पैकेट देख टीम के सदस्य हैरान रह गए। कई सामग्रियों की एक्सपायर तिथि मिटा दी गई थी जबकि बड़ी संख्या में खाद्य सामग्रियों के कालातीत पैकेट को यथावत विक्रय किया जा रहा था। टीम के सदस्यों ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी कालातीत खाद्य सामग्रियों के पैकेट को छांटकर अलग किया तो दो लाख से अधिक की खाद्य सामग्री निकली। जब्त खाद्य सामग्री को नष्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। दुकान में पांच ट्रे में रखे सड़े लड्डू एवं बरफी को टीम ने फेकवा दिया। जब्त कालातीत खाद्य सामग्री से ननि की ट्रैक्टर ट्राली भर गई थी। माना जा रहा है कि दुकान संचालक अधिक कमाई के लालच में एजेंसियों से दुकानदारों द्वारा लौटाई गई कालातीत खाद्य सामग्रियों को सस्ते दरों पर खरीदता था तथा पैकेट पर छपी कीमत पर बेचता था। बस स्टैण्ड होने के कारण अधिकांश यात्री दुकान संचालक की मनमानी पर ध्यान नहीं देते थे किसी का ध्यान जाता भी था तो व्यवसायी उन्हें डांटकर भगा देता था। दुकान 24 घंटे संचालित होती थी। दुकान में शटर तक नहीं लगाया गया है। टीम ने तिरपाल से ढककर दुकान से सामग्री का विक्रय प्रतिबंधित किया है। इस दौरान टीम ने दुकान संचालक पर 50 हजार रूपए का दण्ड अधिरोपित किया है तथा दुकान का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई कर रही है।



जांच करती टीम।



जब्त सामान।

### एक बर्तन में बन रहा था शाकाहारी, मांसाहारी भोजन

टीम ने प्रतापपुर चौक स्थित रूचिवन होटल की जांच की तो भारी गड़बड़ी मिली। रसोई में भारी गंदगी के बीच एक ही बर्तन में मांसाहारी एवं शाकाहारी भोजन पकाया जा रहा था। होटल कर्मचारी एक ही करछुल से मांसाहारी एवं शाकाहारी भोजन परोस रहे थे। होटल में एकमात्र बर्तन में मांसाहारी एवं शाकाहारी भोजन पकाने एवं परोसने को टीम ने शासन के निर्देशों की अवहेलना मानते हुए 20 हजार का दण्ड अधिरोपित किया है साथ ही होटल का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की है। खाद्य एवं औषधि विभाग के जिलाधिकारी नीतेश मिश्रा ने बताया कि शासन ने शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन को अलग-अलग बर्तन में स्वच्छता के साथ पकाने एवं अलग रखने के साथ ही अलग बर्तन से परोसने का निर्देश दिया है। दुकान संचालक द्वारा शाकाहारी ग्राहकों को भी लापरवाही पूर्वक मांसाहारी भोजन परोसते पाया गया है जो बड़ी लापरवाही है।

### मिली भारी गंदगी

प्रशासन की संयुक्त टीम ने गुरूवार को शहर के पुराने बस स्टैण्ड स्थित महामाया होटल, मंगली भोजनालय, शिवम स्वीट्स, महामाया स्वीट्स, महामाया मार्ग स्थित सुदामा होटल, गुदरी बाजार स्थित मिश्रा स्वीट्स एवं प्रतापपुर चौक स्थित रूचिवन होटल की आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान सभी होटलों एवं मिष्ठान दुकानों में भारी गंदगी मिली। कुछ दुकानों मक्खियां भिनभिनाते देखा गया। रसोई में भी भारी गंदगी मिली। लापरवाही पर टीम ने शिवम होटल पर 10 हजार रूपए, मंगली होटल पर 5 हजार रूपए, शिव स्वीट्स पर 5 हजार रूपए, महामाया स्वीट्स पर 15 हजार रूपए, सुदामा होटल पर 10 हजार रूपए, मिश्रा स्वीट्स पर 5 हजार रूपए एवं रूचिवन होटल पर 20 हजार रूपए का दण्ड अधिरोपित किया है। टीम के सदस्यों ने सभी दुकान संचालकों को भविष्य में खाद्य सामग्रियों के गुणवत्ताहीन मिलने एवं स्वच्छता निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त करने के साथ ही भारी जुर्माना लगाने की चेतावनी दी है।

### जारी रहेगी कार्रवाई

प्रशासन की कार्रवाई अनवरत जारी रहेगी। जांच में स्वच्छता निर्देशों की अवहेलना एवं गुणवत्ताहीन सामग्री का विक्रय करते पाए जाने पर दंडराशि अधिरोपित करने के साथ ही लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

-नीतेश मिश्रा
अभिहित अधिकारी
खाद्य एवं औषधि प्रशासन



## 396 नग नशीले इंजेक्शन के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गांधी नगर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से न सिर्फ नशे के कारोबारी चार आरोपियों को पकड़ा बल्कि आरोपियों के पास से दो लाख कीमत की 396 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

सहायक जिला अधिकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि 29 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर थाना गांधीनगर अंतर्गत चार नशीले इंजेक्शन के कारोबारियों पर कार्रवाई की गई। राजपुर अंतर्गत ग्राम कर्रा निवासी अक्षय जायसवाल को आसडांढ घंघरी बाजार के पास पकड़ा और उसके पास से 240 नग नशीला इंजेक्शन जब्त किया। जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 20 रुपए है। इसी तरह शाम को मुखबिर की सूचना पर मूलतः बिहार के रहने वाला नमना कला निवासी ओम उर्फ शौर्य पाठक जो कि सरगवां में किराए का मकान लेकर रहता था। उसके किराए के मकान में दबिश देकर उसके पास से 38 हजार कीमत की 76 नग नशीला इंजेक्शन जब्त की गई। इसी बीच कार्रवाई के बाद आरोपी ओम पाठक आबकारी स्टाफ को बाथरूम जाने का चकमा देकर फरार हो गया, जिसकी पतासाजी की जा रही है। फरार आरोपी की तलाश के दौरान टीम जैसे ही पीजी कॉलेज ग्राउंड के समीप पहुंचा तभी वहां दो युवकों को संदिग्ध हालत में देख पकड़ पूछताछ किया तो एक ने अपना नाम विवेक कुमार सोनी तथा दूसरे ने अपना नाम प्रिंस एक्का बताया। दोनों की तलाशी में एक झोले से 40 हजार कीमत के 80 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। सभी आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 ( सी )के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक कुमारू राम, अशोक सोनी, रमेश दुबे, नगर सैनिक गणेश पांडेय,ओम प्रकाश गुप्ता, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं चंद्रावती सक्रिय रही।

## एमपी की 101 लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** अवैध शराब बिक्री के मामले में लुंड्रा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने 101 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी एमपी से शराब लाकर सरगुजा में खपा रहा था। बताया जा रहा है कि लुंड्रा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बहेराडीह निवासी दयासाहू एमपी से शराब लाकर पुराने खंडहर घर में रखा है और अस पास के क्षेत्र में बिक्री कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम आरोपी की तलाश में निकली थी। इस दौरान दया साहू अपनी डस्टर कार क्रमांक सीजी 11 एमबी 5170 से निकलकर जा रहा था। पुलिस ने संदेही को रोककर उसके वाहन की तालशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के कार से आफ्टर डार्क व्हिस्की की 6 नग बोतल, कार्टून डब्बे में गोवा लिखा अंग्रेजी शराब जिसमें नग 180 एमएल के कुल 300 नग कुल मात्रा 101.46 लीटर शराब बरामद किया गया जिसकी कीमत 92 हजार 60 रूपए आंकी गई है। पुलिस ने शराब के साथ ही कार को जब्त करने के साथ ही आरोपी लुंड्रा निवासी 52 वर्षीय दया साहू आ. स्व. अमीन साहब को 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में सउनि अजीत कुमार मिश्रा, शिवचरण साहू, प्रधान आरक्षक महेश कुमार, जयदीप सिंह, विकाश सिन्हा, भोजराज पासवान, आरक्षक मनीष सिंह, अमन पूरी, इब्नुल खान, बालेश्वर सिंह, राजकुमार यादव सक्रिय रहे।



## सरगुजा की बेटी रिंकी का भारतीय टीम में चयन

- टारगेटबॉल प्रतियोगिता में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

**अंबिकापुर।** जिले की खिलाड़ी रिंकी सिंह का चयन आगामी तीसरे इंटरनेशनल टारगेटबॉल अचीवर्स कप 2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 3 से 7 मई 2026 तक नेपाल के काठमांडू में आयोजित होगी, जिसमें भारत की टीम भाग लेगी। सरगुजा जैसे दूरस्थ एवं संसाधन-विहीन क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाना रिंकी की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। सीमित सुविधाओं के बावजूद उन्होंने जिस प्रकार लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वह क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि रिंकी सिंह ने अपने खेल जीवन में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ और देश का नाम रोशन किया है। विशेष रूप से ढाका (बांग्लादेश) में आयोजित सीनियर इंटरनेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक, सीनियर नेशनल फेडरेशन कप (मथुरा) में रजत पदक (टीम कप्तान के रूप में) तथा हरियाणा टीम से खेलते हुए स्वर्ण पदक के साथ "बेस्ट शूटर" अवार्ड उनकी प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं। इसके अलावा रिंकी ने जूनियर एवं सीनियर नेशनल प्रतियोगिताओं में निरंतर भागीदारी निभाई है, साथ ही वर्ष 2024 में रोहतक (हरियाणा) में आयोजित नेशनल टारगेटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम की कोच की भूमिका भी निभाई। सरगुजा जैसे क्षेत्र से निकलकर भारतीय टीम में जगह बनाना आसान नहीं है, लेकिन रिंकी ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन के दम पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।



### ब्रेकर से उछल कर सड़क पर गिरा बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम उदरसाई निवासी जीवन दीप आ. विद्धानाथ (28 वर्ष) 28 अप्रैल को दोस्त के बड़े भाई की बाइक को लेकर ग्राम कोठली गया था। शाम को वापस घर आ रहा था और जैसे ही कोठली पुलिया के समीप पहुंचा तभी ब्रेकर से उछल कर सड़क पर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन युवक को डीपाडीह अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## सद्भावना ग्राम तकिया उर्स में कवि सम्मेलन के साथ होगा कव्वाली मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सद्भावना ग्राम तकिया में हजरत बाबा मुरादशाह व हजरत बाबा मोहम्मत शाह का सालाना उर्स 20, 21 व 22 मई को मनाया जाएगा। उर्स के मौके पर ऑल इंडिया सद्भावना मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इसके साथ ही देश के जाने माने कव्वाल के बीच कव्वाली का मुकाबला होगा।

उर्स को लेकर कमेटी की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दकी ने बताया कि तकिया शरीफ में हजरत बाबा मुरादशाह व हजरत बाबा मोहब्बत शाह का सलाना उर्स 20 से 22 मनाया जाएगा। इस दौरान 20 मई को शाम 4 बजे जामा मस्जिद से संदल चादर के साथ जुलूस निकाली जाएगी और मगरिब के बाद शाम 7 बजे मजार शरीफ में चादर चंदल पोशी की जाएगी और उलमाये दीन की तकरीर होगी। इसके साथ ही रात 9 बजे से ऑल इंडिया सद्भावना मुशायरा एवं कवि सम्मेलन होगा जिसमें देश के नामचिन वसीम बरेलवी, मन्जर भोपाली, राज कौशिक, नईम अख्तर खादगी, अज्म शाकिरी, डॉ. नदीम साद, फैज खलीलाबादी, अतुल अजनबी, फारूख राय बरेलवी, डॉ. मेहताब आलम, खुशबु श्रीवास्तव, सुन्दर मालेगावी, राधिका मित्तल, दीपक अग्रवाल, सुफियान काजी शरीक होगें। वहीं 21 व 22 मई-2026 को हिन्दूस्तान के जाने माने कव्वाल मुजतबा अजीज नाजा मुम्बई एवं छोटी तमन्ना बानो कोल्हापुर महाराष्ट्र के बीच शानदार कव्वाली का मुकाबला होगा।




## परिचयात्मक बैठक में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं में भरा जोश

**सूरजपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की परिचयात्मक बैठक जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा उपस्थित रहे।भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता ने कहा कि जिले का प्रत्येक युवा कार्यकर्ता ऊर्जा से लबरेज है और प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने कहा कि युवा मोर्चा पार्टी की अग्रिम पंक्ति की शक्ति है। उन्होंने युवाओं को अनुशासन और निष्ठा के साथ कार्य करने का मंत्र दिया और संगठन की मजबूती पर बल दिया। जिला महामंत्री शशिकांत गर्ग ने संगठनात्मक ढांचे की बारीकियों को साझा किया, वहीं आर्थिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक रितेश गुप्ता ने युवाओं को सरकार की जनहितैषी नीतियों को जमीनी स्तर तक ले जाने हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि राहुल योगराज टिकरिहा ने कहा कि युवाओं के कंधों पर ही भविष्य की जिम्मेदारी है। भाजयुमो का प्रत्येक कार्यकर्ता केवल एक सदस्य नहीं, बल्कि परिवर्तन का वाहक है।

## कार से टकराई बाइक, युवक की मौके पर मौत

**राजपुर।** ग्राम भादर बाजार के समीप मुख्य मार्ग पर बाइक सवार कार से जा टकराया जिससे बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम सेवारी निवासी रामचंद्र आ. खोडिया (16 वर्ष) गुरूवार की दोपहर युवक बाइक क्रमांक सीजी 30 सी 9630 से किसी काम के सिलसिले में शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम रकईया जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार कुसमी मुख्य मार्ग भादर बाजार के समीप पहुंचा तभी कार क्रमांक सीजी 10 एयू 6980 से सीधे जा टकराया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कार चालक वाहन को मोड़ रहा था तभी बाइक सवार सीधे कार से जा टकराया। घटना की जानकारी लगते ही राजपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर दो लोगों की गई

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार रामानुजगंज थाना अंतर्गत ग्राम मितगई निवासी मान साय आ. दल्लू (39 वर्ष) गत दिन पत्नी सुनीता आयाम से चिकन के लिए पांच रुपए की मांगा। पत्नी ने रुपए नहीं होने पर पड़ोसी गया गई और रुपए ली तभी पति पहुंचा और पत्नी के पास से दो रुपए लेकर शराब पी लिया और घर आकर कीटनाशक लेकर नदी की ओर चला गया। युवक नदी किनारे ही कीटनाशक पी लिया। इस बीज पीछे से पत्नी पहुंचा और पति द्वारा कीटनाशक पी लेने पर घटना की सूचना परिजन को दी। परिजन निजी वाहन से उसे रामानुजगंज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार दूसरी घटना में सन्ना निवासी केशरू राम आ. बैशाखू राम (42 वर्ष) बुधवार की शाम पत्नी को मिर्च फसल में कीड़ा लग जाने पर कीटनाशक छिड़काव करने ग्राम सफाई डीहा बाड़ा जाने की बात कही। इसी बीच बाड़ा में ही अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया।

## पीएम श्री सेजेस जयनगर में कक्षा 11 वीं के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**बिश्रामपुर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11 वीं विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 1 मई से 5 मई तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु निर्धारित पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात अभ्यर्थियों को 6 मई से 10 मई के बीच आवश्यक दस्तावेजों के साथ विद्यालय में उपस्थित होकर आवेदन पत्र का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। सत्यापन का समय प्रतिदिन प्रातः 8.30 बजे से 10.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से कहा है कि निर्धारित समय-सीमा का पालन करते हुए प्रवेश प्रक्रिया समय पर पूर्ण करें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
1 जुलाई, 7 जुलाई, 15 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोटः-अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल 2026 से शुरू हो गया है। अतः जो भी श्रद्धालु यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लें।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 63622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166